# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.01.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 16.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 16.01.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र/कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज द्वारा दिनांक 25.12.2024 से चलाये जा रहे विभिन्न चेकिंग अभियानों के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्र के निर्माण पर प्रभावी रोकथाम अभियान के क्रम में दिनांक 15.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य मय हमराह हे0का0 राघवेन्द्र सिंह, का0 अजय कुमार व का0 मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त कुलदीप पाठक पुत्र नवल किशोर पाठक उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम चुरारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा देशी 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम सतारी थाना कुलपहाड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 17/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त -

कुलदीप पाठक पुत्र नवल किशोर पाठक उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम चुरारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य
2. हे0का0 राघवेन्द्र सिंह
3. का0 अजय कुमार
4. का0 मनोज कुमार



## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

आगामी महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत जनपद महोबा में चलाये जा रहे विभिन्न चेकिंग अभियानों के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 15.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित की गई उ0नि0 दिनेश तिवारी मय हमराह कां0 दिनेश सिंह सेंगर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त जाहिर सिंह अहिरवार पुत्र दशरथ अहिरवार उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम भटेवरा खुर्द थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 झोले में 30 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब नाजायज बरामद करते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 16/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

जाहिर सिंह अहिरवार पुत्र दशरथ अहिरवार उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम भटेवरा खुर्द थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 दिनेश तिवारी
2. कां0 दिनेश सिंह सेंगर



## धोखाधड़ी कर फर्जी चेक देकर सोने चांदी के आभूषण खरीदने वाले 02 नफर शातिर वांछित अभियुक्तों को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है, अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद फर्जी चेक, सोने चांदी के आभूषण व 11,000/- रुपये नगद किये गये बरामद ।

महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज द्वारा दिनांक 25.12.2024 से चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन चक्रव्यूह के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में आज दिनांक 16.01.25 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 586/2024 धारा 318(4)/317(2) से सम्बन्धित 02 अभियुक्तगण क्रमशः 1. रामकरन कुशवाहा पुत्र कल्लू कुशवाहा उम्र करीब 36 वर्ष 2. नरेश तिवारी पुत्र स्व0 गंगा प्रसाद उम्र करीब 40 वर्ष के कब्जे से धोखाधड़ी किये गये माल को बरामद करते हुए इण्डस वैली स्कूल के पहले स्थित हनुमान मंदिर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल चौकी इन्चार्ज भटीपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा
2 उ0नि0 अभिषेक कुमार 3. हे0कां0 मुजीब अहमद 4 कां0 दीपेश यादव

### गिरफ्तार अभियुक्त व बरामदगी विवरणः-

1. रामकरन कुशवाहा पुत्र कल्लू कुशवाहा उम्र करीब 36 वर्ष निवासी ग्राम लिलवाही थाना कबरई महोबा के कब्जे से 02 अदद कुण्डल/बाली पीली धातु व 3000 रूपये व एक मोबाइल
2. नरेश तिवारी पुत्र स्व0 गंगा प्रसाद उम्र करीब 40 वर्ष निवासी छानीकला थाना कबरई जनपद महोबा के कब्जे से एक अदद मोटी पायल सफेद धातु की व 8000 रुपये नगद व 01 अदद मोबाइल फोन बरामद।

